**पटना में दिनांक—20 जुलाई, 2026 सोमवार को अपराह्न 7:00 बजे हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक की कार्यवाही। मुख्यमंत्री ने बैठक की अध्यक्षता की।**

**निम्नलिखित निर्णय लिये गये:—**

**उच्च शिक्षा विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | बिहार विशिष्ट विश्वविद्यालय विधेयक, 2026 के प्रारूप पर स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में। | 1. | **स्वीकृत।** |

**विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | "बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026" को बिहार विधान मंडल के पटल पर रखे जाने की स्वीकृति के संबंध में। | 2. | **स्वीकृत।** |

**विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | "डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं कंप्यूटर विज्ञान विश्वविद्यालय" की स्थापना हेतु "डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं कंप्यूटर विज्ञान विश्वविद्यालय विधेयक– 2026" को बिहार विधान मंडल के पटल पर रखे जाने की स्वीकृति के संबंध में। | 3. | **स्वीकृत।** |

**विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | "शहीद जुब्बा सहनी वास्तुकला एवं असैनिक अभियंत्रण विश्वविद्यालय" की स्थापना हेतु "शहीद जुब्बा सहनी वास्तुकला एवं असैनिक अभियंत्रण विश्वविद्यालय विधेयक–2026" को बिहार विधान मंडल के पटल पर रखे जाने की स्वीकृति के संबंध में। | 4. | **स्वीकृत।** |

**समाज कल्याण विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | समेकित बाल विकास सेवाएँ अन्तर्गत बिहार राज्य में केन्द्र प्रायोजित योजना सक्षम आँगनवाड़ी पोषण 2.0 के अन्तर्गत संचालित पूरक पोषाहार योजना में टेक होम राशन हेतु 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों, गर्भवती, धात्री महिलाओं, 6 माह से 3 वर्ष के गंभीर रूप से अल्प वजन वाले बच्चों एवं अतिकुपोषित बच्चों को आँगनवाड़ी केन्द्रों पर बिहार स्टेट मिल्क को–ऑपरेटिव फेडरेशन लि० के माध्यम से नामांकन के आधार पर रेडी टू कुक/रेडी टू ईट प्रीमिक्स सामग्री उपलब्ध कराने की स्वीकृति के संबंध में। | 5. | **स्वीकृत।** |

**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार के अन्तर्गत "बिहार अवर वन सेवा नियमावली, 2013" को संशोधित करने हेतु "बिहार अवर वन सेवा (संशोधन) नियमावली, 2026" की स्वीकृति के संबंध में। | 6. | **स्वीकृत।** |

## स्वास्थ्य विभाग

7. CWJC No-12329/2024 मनोज कुमार बनाम राज्य सरकार एवं अन्य, CWJC No-11951/2025 पप्पु कुमार बनाम राज्य सरकार एवं अन्य में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा पारित आदेश के अनुपालन तथा दायर CWJC No-7270/2025 सुजीत कुमार बनाम राज्य सरकार एवं अन्य के संदर्भ में अत्यंत पिछड़ा वर्ग में होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी के 25 एवं आयुष फिजिशियन (होमियोपैथ) के 01 पद अर्थात कुल 26 (छब्बीस) अधिसंख्य पदों (Supernumerary Post) के सृजन के संबंध में। — 7. **स्वीकृत।**

## शिक्षा विभाग

8. राज्य के कुल 542 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) के वर्ग 09वीं से 12वीं में नामांकित छात्र–छात्राओं के लिए विशिष्ट युनिफार्म यथा–पोशाक (02 सेट), टी–शर्ट, ट्राउजर, बेल्ट, टाई, मौजा, जुता, हॉफ स्वेटर, कैप, बण्डी, ब्लेजर तथा बैग (1–1 सेट) आदि उपलब्ध कराने हेतु जीविका के द्वारा प्रति विद्यार्थी प्रति वर्ष रू० 6000/–(छः हजार) रूपये (प्रतिवर्ष अधिकतम 5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ) का किट उपलब्ध कराया जाना है, जिसके लिए विशिष्ट पोशाक मद् (आदर्श विद्यालय) में कुल राशि रू० 221,00,00,000/–(दो सौ इक्कीस करोड़) रूपये की आवर्ती (वार्षिक) व्यय की स्वीकृति के संबंध में। — 8. **स्वीकृत।**

## गृह विभाग
(कारा)

9. बिहार कारा एवं सुधारात्मक सेवा विधेयक, 2026 की स्वीकृति के संबंध में। — 9. **स्वीकृत।**

## गृह विभाग

10. बिहार अपराध नियंत्रण (संशोधन) विधेयक, 2026 पर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति के संबंध में। — 10. **स्वीकृत।**